राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

## राज्यपाल का पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयन्ती पर संदेश

## समाज के सर्वांगीण विकास के लिए मिलकर करें कार्य– राज्यपाल

जयपुर, 24 सितम्बर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने एकात्म मानववाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती (25 सितम्बर) पर उन्हें याद करते हुए श्रद्धापूर्वक नमन किया है।

राज्यपाल श्री मिश्र ने उनके एकात्म मानववाद और अंत्योदय के विचारों को आत्मसात करते हुए सभी से समाज के सर्वांगीण विकास के लिए मिलकर कार्य करने का आह्वान किया है।

————

## तीन दिवसीय उत्तर प्रदेश प्रवास पर रहेंगे राज्यपाल

जयपुर, 24 सितम्बर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र रविवार से उत्तर प्रदेश के तीन दिवसीय प्रवास पर रहेंगे।

राज्यपाल रविवार प्रातः जयपुर से राजकीय विमान से गोरखपुर के लिए रवाना होंगे। वे वहां दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में 'राष्ट्रीय चेतना उत्सव' में शिरकत करेंगे और गोरखनाथ मंदिर में दर्शन करेंगे। सोमवार को राज्यपाल वाराणसी में काशी विश्वनाथ मंदिर और संकट मोचन हनुमान मंदिर में दर्शन करेंगे। उनका मिर्जापुर जिले में मां विंध्यवासिनी के दर्शन के बाद मंगलवार को जयपुर वापसी का कार्यक्रम है।

——————